विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर तंबाकू के सेवन के प्रचलन और अभ्यास को रोकना* पर वेबिनार आयोजित किया

June 3, 2020 • Vijay Bhati

गाजियाबाद :आई0टी0एस0 सेंटर फॉर डेन्टल स्टडीज एण्ड रिसर्च दिल्ली-मेरठ रोड़, मुरादनगर,आई0टी0एस0 सेंटर फॉर डेन्टल स्टडीज एण्ड रिसर्च, मुरादनगर दंत चिकित्सा के क्षेत्र में हमेशा से सहज रहता है।



जब पूरा देश कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप के कारण लॉकडाउन है तथा ऐसे मे विद्यार्थियों की ज्ञान जिज्ञासा दूर करने के लिए आई0टी0एस0-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ0 आर0पी0 चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, श्री अर्पित चड्ढा के कुशल मार्गदर्शन और समर्थन से इन अलुम्नाई (भूतपूर्व छात्र) वेबिनार श्रृंखलाओं को बहुत आसान और ज्ञानवर्धन इंटरैक्टिव शिक्षण वातावरण में निष्पक्ष जानकारी और अनुभवों को साझा करने में सफलता प्राप्त की है, जिसके माध्यम से प्रतिभागियों को दंत चिकित्सा के शिक्षण में बहुत लाभ प्राप्त हुआ है। छात्रों के लिए यह आनलाईन चिकित्सा और दंत चिकित्सा के साधन के रूप में बेहद सराहनीय अनुभव था।

हर साल 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने की शुरूआत विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लयू0एच0ओ0) ने वर्ष 1987 में की थी। तंबाकू उत्पादों का सेवन अनेक रूप में किया जाता है, जैसे बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, जर्दा, खैनी, हुक्का, चिलम आदि। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आई0टी0एस0 डेन्टल कॉलेज, मुरादनगर ने एक वेबिनार के साथ इस मौके को सेलिब्रेट किया, जिसका आयोजन कॉलेज की होनहार भूतपूर्व छात्र डॉ0 सुमेधा कुशवाहा ने किया था। जिन्होंने समाज में कैंसर जागरूकता एवं इसकी रोकथाम और शुरूआती पहचान के क्षेत्र में बहुत काम किया है। भारत में कैंसर के लगभग 1.1 मिलियन नये मामले प्रतिवर्ष दर्द किये जा रहे है और दो तिहाई कैंसर के मामलों का निदान एक उन्नत चरण में किया जाता है, जिससे मरीज़ों के बचने की संभावना कम हो जाती है। वर्ष 2019 में पुरूषों और महिलाओं मे तंबाकू (स्मोक्ड और स्मोकलेस) का उपयोग के कारण लगभग 3,17,928 मृत्यु हुई है।

आई0टी0एस0 डेन्टल कॉलेज, मुरादनगर में 29 मई, 2020 को अलुम्नाई (भूतपूर्व छात्र) वेबिनार श्रृंखला में एक वेबिनार आयोजित किया गया। प्रख्यात वक्ता डॉ0 सुमेधा कुशवाहा (भूतपूर्व छात्र) द्वारा वेबिनार प्रस्तुत किया गया। वर्तमान में डॉ0 सुमेधा, रीज़नल इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेस, इंफाल, मणिपुर के पब्लिक हेल्थ डेन्टिस्ट्री विभाग में असिसटेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है। अपनी दंत चिकित्सा की पढ़ाई के बाद डॉ0 सुमेधा ने प्रसिद्ध फ़ेलोशिप आफ सोशल एंटरप्रेन्योर्स, इंडिया के विभिन्न कार्यक्रमों मे भी भाग लिया था। डॉ0 सुमेधा ए0टी0टी0ए0सी0-ऐम की संस्थापक और महासचिव भी है, जिसका उद्देश्य तंबाकू और कैंसर सोसायटी को समाप्त करना है। इसके साथ ही वह अगस्त 2014 से सफलतापूर्वक अपना एन0जी0ओ0 चला रही है।

वेबिनार का विषय कोविड-19 महामारी के दौरान तंबाकू की समाप्ति की संबद्धता और अभ्यास था। डॉ0 सुमेधा ने कोविड-19 महामारी के दौरान तंबाकू की समाप्ति को रोकने के महत्व पर जोर दिया। डॉ0 सुमेधा ने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस तरह के कई व्याख्यान दिये है। वेबिनार में संस्थान के सभी छात्रों तथा दंत चिकित्सकों ने आॅनलाईन भाग लिया। वेबिनार के दौरान डॉ0 सुमेधा ने तंबाकू छोड़ने के लिए हाल ही के उपचार प्रोटोकॉल पर ध्यान केन्द्रित करते हुए विभिन्न ऐविडेंस-बैस्ड की विशेषताओं के बारे में भी बताया। इस वेबिनार के माध्यम से छात्रों को तंबाकू की निर्भरता के व्यापक तथा नवीनतम पहलुओं को समझाया गया जो कि वास्तव में सभी को प्रेरित करने वाला अनुभव था। वेबिनार के दौरान डॉ0 सुमेधा ने आगामी युवा दंत चिकित्सकों को अपने ज्ञान को बढ़ाने और अपने रोगियों को सर्वोत्तम उपचार देने के लिए

में वक्ता डॉ0 सुमेधा ने इस शैक्षिक अंतर्राष्ट्रीय इंटरेक्टिव सत्र के आयोजन करने के लिए आई0टी0एस0-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चैयरमेन, श्री अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

संस्थान में तंबाकू से संक्रमित रोगियों के लिए एक अच्छी तरह से सुसज्जित तंबाकू समाप्ति क्लीनिक (टी0सी0सी0) की सुविधा उपलब्ध है। यह क्लीनिक तंबाकू से संबंधित मृत्यु दर और रूग्णता के प्रभाव को कम करने के लिए स्वास्थ्य हस्तक्षेप का एक प्रभावी तरीका प्रदान करता है। उत्तर प्रदेश के गुटखा बेल्ट होने के कारण मरीजों को खतरनाक आदत छोड़ने के लिए परामर्श की आवश्यकता है। जिससे तंबाकू समाप्ति क्लीनिक एक पूर्ण आवश्यकता बन जाये। इस क्लीनिक में अत्याधुनिक मॉनिटर के साथ-साथ एन0आर0टी0 की सुविधा के द्वारा रोगियों को सरल और आसान तरीकों से इस आदत को छोड़ने के लिए प्रेरित किया जाता है।

कोविड-19 के प्रकोप के कारण छात्रों के शिक्षण कार्य का नुकसान न हो इसलिए आई0टी0एस0 - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ0 आर0पी0 चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन श्री अर्पित चड्ढा के द्वारा लगातार छात्रों के लिए सफल वेबिनार का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिये संस्थान के सभी विद्यार्थियों तथा दंत चिकित्सकों ने उनको अपना आभार प्रकट किया।

More to read

Powered by
Navlekhā